सार-समाचार

एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

रतनगढ़, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा इकाई रतनगढ द्वारा बिजली ,पानी और बीमा क्लेम से संबंधित मुद्दों को लेकर मदनलाल जाखड़ के नेतृत्व में किसान मजदूर भवन से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर कार्यालय का घेराव किया। संयोजक भादर भा सचिव बिरजुराम खीचड़,उपाध्यक्ष नौरंग सारण,रतनलाल बिजारनिया,रामकिशन भामू,मान नाथ,अनिल स्वामी ने बताया कि 2023 खरीफ और रबी का बकाया बीमा क्लेम शीघ्र जारी करने,ट्रांसफर जलने पर 24 घंटे में नया ट्रांसफर देने,स्वीकृत किए गए ट्रांसफर तुरंत जारी कर तय स्थानों पर रखवाए जाने,किसानों के घरों के पट्टे जारी करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों में गहरा आक्रोश है। धरने के दौरान एसडीएम अमित कुमार द्वारा वार्ता का न्योता देने पर किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल की उपखंड अधिकारी रतनगढ़,बिजली विभाग के एक्सईएन,सहायक कृषि अधिकारी जेपी यादव के साथ वार्ता हुई। वार्ता में अनेक मांगो पर सहमती बनी ! इस अवसर पर सीताराम झाझडिया, हड़माना राम, गोपाला राम धेतरवाल, सोहन राम, किसान सिंह , इंद्र नाथ, नौरंग राम सीलू, भागीरथ सिंह , मोहन , जगदीश , रतनाराम, पन्नाराम, मान नाथ, ओमप्रकाश, सोहन राम कड़वासरा हेतराम, संतलाल,गोमाराम, रामुराम कलवानिया, कानाराम, कुंभाराम, हरिराम खीचड़ सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

पाटन, (निसं)। कस्बे के डाबला रोड पर स्थित सार्वजनिक कबीर आश्रम में निर्माणधीन मकान को वन विभाग द्वारा अनाधिकृत ढंग से धवस्त करने पर डाबला रोड निवासियों ने वन विभाग की कार्यशैली का विरोध करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है, तथा विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कबीर आश्रम के मंहत धन्ना दास महाराज ने बताया कि आश्रम में निर्माणधीन मकान को वन विभाग पाटन द्वारा अनाधिकृत ढंग से ध्वस्त कर दिया गया है, जबकि कबीर आश्रम 70 वर्षों से चल रहा है। क्षेत्र एवं ग्रामवासियों की आस्था का केंद्र है। मंदिर के निर्माणधीन परिसर में मकान कार्य प्रगति पर था परंतु वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिगर सूचित किये ही मकान को ध्वस्त कर दिया।इस आश्रम के प्रति आसपास के लोगों की आस्था भी जुड़ी हुई है। वन विभाग द्वारा इस कार्यवाही से समस्त ग्रामवासी काफी आक्रोशित और दुखी है।

जीएनएम द्वितीय वर्ष परीक्षा 25 जून से

चूरू, (कासं.)। रजिस्ट्रार राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल, जयपुर के आदेश की अनुपालना में जीएनएम द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा जून 2024 का आयोजन 25 से 28 जून दोपहर 3 से शाम छह बजे तक चूरू बालिका महाविद्यालयए पुरानी सड़क चूरू में किया जाएगा। परीक्षा अधीक्षक बजरंग कुमार हर्षवाल ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से 1 घण्टे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षार्थी राजस्थान नर्सिंग कौंसिल द्वारा जारी एवं संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणित परीक्षा अनुमति पत्र अपने संस्थान का परिचय पत्र एवं फोटो युक्त आई डी एवं निर्धारित पूर्ण गणवेश में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जिले के नर्सिंग स्कूलों से लगभग 365 प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान आएनसी की तरफ से ऑब्जर्व पर्यवेक्षक एवं उड़नदस्ते की व्यवस्था भी की गई है।

ट्रक में युवक को जिंदा जलाकर हत्या करने के आरोपी को भेजा जेल

ऑनलाइन जुआ सट्टा में लाखों का कर्जवान है गिरफ्तार आरोपी

सादुलपुर, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 सादुलपुर चूरू पर एक पखवाडे से भी अधिक समय पहले एक ट्रक में अधजली हालात में मिले अज्ञात शव के मामले में दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर चल रहे आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

अनुसंधान अधिकारी प्रशांत किरण आईपीएस ने बताया कि दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर चल रहे आरोपी राजेश कुमार

- **बीमा क्लेम लेने के चक्कर में आरोपी ने अपने आप को मरा हुआ दिखाने के चक्कर में मजदूर दिनेश उर्फ देशी को जिंदा जलाकर की थी हत्या**

एनएच 52 बाईपास सादुलपुर पर ट्रक में जिंदा जलाकर हत्या करने के आरोप में जेल भेजा गया आरोपी राजेश कुमार।

पुत्र कृष्ण कुमार जाट उम्र 31 साल निवासी वार्ड नंबर ०1 बरवाला जिला हिसार हरियाणा को सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार ऑनलाइन जुआ सट्टा खेलकर लाखों की संपत्ति के कर्ज में डूब जाने के कारण देनदारों द्वारा आए दिन पैसे मांगने के चलते अपने पडोस में हुई ऐसी घटना से प्रेरित होकर बीमा कंपनी से क्लेम लेने के लिए दिनेश उर्फ देशी मजदूर को जिंदा जलाकर हत्या की थी तथा बाद में फरार हो गया।

गिरफ्तार शातिर आरोपी राजेश कुमार ने बीमा क्लेम लेने के चक्कर में दिनेश उर्फ देशी की जगह खुद को ट्रक में जलाकर अपने आप को मरा हुआ दिखाना चाह रहा था। आईपीएस प्रशांत किरण बताया कि आरोपी राजेश कुमार द्वारा मृतक दिनेश उर्फ देशी को दिनांक ०6 जून 2०24 की रात्रि 9.०० बजे हिसार बरवाला से अपने ट्रक में मजदूरी के बहाने अपने साथ बैठाकर रवाना हुआ था। रास्ते में आरोपी राजेश कुमार ने मृतक दिनेश उर्फ देशी को शराब पिलाई तथा मृतक दिनेश उर्फ देशी शराब के नशे में ट्रक में ही सो गया। तथा दिनांक 7 जून 2024 के सुबह करीब 4.00 बजे हिसार बाईपास राजगढ के पास पहुंचकर आरोपी राजेश ने ट्रक को रोड के साइड में खडा कर ट्रक के केबिन में पेट्रोल छिडक कर आग लगा दी। तथा केबिन को बाहर से लोक कर दिया। जिसके कारण मजदूर दिनेश उर्फ देशी जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गया। गौरतलब है कि 9 जून 2024 को मृतक दिनेश उर्फ देशी के बडे भाई ओमप्रकाश निवासी वार्ड नंबर ०4 बरवाला जिला हिसार हरियाणा ने हत्या का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया था।

सार-समाचार

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन हरित राजस्थान को साकार करने के उद्देश्य से हरित सीकर एक जन अभियान बनाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चत करने के लिए पत्येक विभागीय अधिकारी स्वयं व अधीनस्थ कार्मिकों से एक-एक पौधा जरूर लगवायें। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पीने के पानी की आपूर्ति, गुणवत्ता, टेंकर से पेयजल परिवहन, पाईप लाईन बदलने सहित अन्य आवश्यकताओं पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। जलदाय विभाग पेयजल के स्थाई समाधान तथा भविष्य में कोन-कोन सी समस्याएं आ सकती है, उस पर योजना बनाकर कार्य करें।

सम्मान समारोह आयोजित

सीकर, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में आज पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर मैं 17 मई से 23 जून तक आयोजित जिला स्तरीय कौशल विकास अभिरुचि, हस्तकला लघु उद्योग प्रशिक्षण शिविर का मुख्य एवं सम्मान समारोह दर्शन दिवस कार्यक्रम झाबर सिंह खर्रा नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री, राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य, उमर उल जमान जिला कलेक्टर सीकर, शीशराम कुल्हारी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा सीकर, तेज प्रकाश सैनी संवाददाता राष्ट्रदूत एवं भाजपा नेता, कमल सिखवाल शिक्षाविद एवं अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सीकर, सुनीता पांडे प्राचार्य राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर, राकेश गढ़वाल सहायक निदेशक समसा, सीकर, सीमा चौधरी वरिष्ठ जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा सीकर, इंदिरा शर्मा सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग सीकर , राजेंद्र प्रसाद मिल सहायक जिला कमिश्नर स्काउट, मालचंद भास्कर पूर्व प्रभारी कमिश्नर के आतिथ्य में आयोजित किया गया ।

नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

रतनगढ़, (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट स्व0 मदनलाल व स्व0 कमला देवी तापड़िया की स्मृति में उनके पुत्र मन्नालाल एवं पौत्र दिनेश, मनोज व हेमन्त द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 26 जून बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखा गया है। शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा जांचकर ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। मरीज को अपने साथ आधार कार्ड की दो फोटो प्रति व मोबाइल नंबर दे कर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

विकास कार्यों के बजट की मांग

सूरजगढ़, (निसं)। चेयरमैन पुष्पा गुप्ता के प्रतिनिधि के रूप में सेवाराम गुप्ता, भूवनेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर बजट में महाविद्यालय निर्माण बजट, पार्क, सूरजगढ़ बाईपास, गंगानगर से भरतपुर को वाया पिलानी सूरजगढ़ होते हुए एक्सप्रेस वे बनाने, सूरजगढ़ में रोडवेज बसों को पुन: चालू करने, सूरजगढ़ में सिवरेज लाइन निर्माण हेतु स्वीकृति, सूरजगढ़ नगरपालिका को नगर निकाय विशेष दर्जा योजना में शामिल करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल्द ही मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

चूरू, (कासं.)। चूरू नगर परिषद के वार्ड 11, चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक 8 तथा राजगढ़ पंचायत समिति के ब्लॉक 13 के सदस्यों के रिक्त पदों पर हो रहे उप चुनाव अंतर्गत 30 जून को होने वाले मतदान के लिए जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पुष्पा सत्यानी की ओर से जारी आदेश के अनुसार चूरू तहसीलदार को नगर परिषद चूरू के वार्ड 11, रतनगढ़ तहसीलदार को चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक 8 के लिए तथा राजगढ़ तहसीलदार को पंचायत समिति राजगढ़ के ब्लॉक संख्या 13 के लिए मतदान दिवस को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

संगोष्ठी 27 जून को

चूरू, (कासं.)। एक जुलाई 2024 से प्रभावी होने जा रही भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों को आमजन तक पहुंचाए जाने के लिए 27 जून को 3 बजे जिला परिषद सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

बैल्ट टेस्ट का आयोजन

झुंझुन, (निसं)। आरएमए एंड स्पोर्ट्स अकादमी पिलानी व एशियन शिटो आरयू स्पोर्टस कराटे डू एसोसिएशन राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। अकादमी निदेशक कराटे कोच जोनी महेश स्वामी ने बताया कि एशियन शिटो आरयू स्पोर्टस कराटे डू एसोसिएशन राजस्थान द्वारा कलर बेल्ट व ब्लैक बेल्ट का आयोजन श्रीमती जमुना मिश्रा अकेडमी स्कूल पिलानी प्लेग्राउंड में दो पारियों में किया गया।

'प्रत्येक विभागीय अधिकारी स्वयं व अधीनस्थ कार्मिकों से एक पौधा जरूर लगवायें'

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन हरित राजस्थान को साकार करने के उद्देश्य से हरित सीकर एक जन अभियान बनाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चत करने के लिए पत्येक विभागीय अधिकारी स्वयं व अधीनस्थ कार्मिकों से एककृएक पौधा जरूर लगवायें।

जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पीने के पानी की आपूर्तिए गुणवत्ताए टेंकर से पेयजल परिवहनए पाईप लाईन बदलने सहित अन्य आवश्यकताओं पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। जलदाय विभाग पेयजल के स्थाई समाधान तथा भविष्य में कोनकृकोन सी समस्याएं आ सकती हैए उस पर योजना बनाकर कार्य करें। जिला कलेक्टर चौधरी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए कि पेंशनरों के भौतिक सत्यापन का कार्य जल्द पूरा करें। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया आगंनबाडी केन्द्रों में पेयजल कनेक्शन निर्माण नहीं है।

एक माह बाद भी क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन दुरुस्त नहीं हुई

- **पार्षद से लेकर आयुक्त तक को अवगत करवाने के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान**
- **सीवरेज टूटने से नाला हुआ अवरुद्ध होने से आमजन परेशान**

चूरू, (का.सं.)। नगर परिषद की लापरवाही की इस कदर हद हो गयी कि एक माह गुजरने के बाद भी सीवरेज पाइप को ठीक नहीं करवा पाई है, जिससे आमजन में नगर परिषद की कार्यशैली को लेकर खासा नाराजगी देखने को मिल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के धोबी चौराहा, लीलगर मस्जिद व तेलियान मस्जिद के पास करीब एक महीने से सीवरेज व ड्रैनेज की पाइप लाइन टूटने से नाला अवरूद्ध हो गया। जिससे नाले का सारा गंदा पानी सड़क के चारों ओर फैल गया। जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने इस समस्या को लेकर पार्षद से लेकर आयुक्त तक अवगत करवा दिया, लेकिन नगर परिषद् ने जेटिंग मशीन व पीटीओ लगा कर अपना पल्ला झाड़ लिया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। पार्षद ईस्माइल भाटी ने बताया कि गंदे पानी का चैम्बर चैक करने नगर परिषद् के कर्मचारी आये थे। इस दौरान जेसीबी से सीवरेज लाइन पर लगी पट्टियां टूट गई, जिसके कारण वार्ड 7, 9 व 10 के लोगों के घरों में सीवरेज का गंदा पानी घुस गया। घरों में गंदा पानी घूस जाने से पूरे घरों का वातावरण दूषित हो गया। ऐसे माहौल में घरों में रह पाना भी मुश्किल हो गया है। इससे वार्डवासियों का जीना दूभर हो रहा है। वार्ड के लोग इस समस्या को लेकर नगर परिषद् सभापति व आयुक्त से भी मिले लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। चैम्बर का गंदा पानी मस्जिद के चारों ओर एकत्रित हा जाने से मस्जिद में नमाज पढ़ने आने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

वार्ड 10 के इमरान चौहान ने बताया कि अगर जल्द ही इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ, तो वार्ड के लोग मजबूरन आंदोलन पर उतरेंगे। इस गंदे पानी के कारण वार्ड में मच्छरों का भी आतंक फैल गया है। इसी के साथ अब बारिश का मौसम भी आरंभ हो गया। जिससे मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो जायेगी।

कंपनी के कर्मचारी सरकारी मापदंडों की उड़ा रहे हैं धज्जियां

चूरू, (कासं.)। प्रदेश में जहां पर लंबे समय से विद्युत संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए राज्य सरकार ने टेण्डर के माध्यम विद्युत समस्याओ के समाधान करने के लिए प्राइवेट कंपनियों को काम दे रखा है। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी अपनी मन.मानी करने पर उतारू हो गए है।

जानकारी के अनुसार चूरू शहर में विद्युत रखरखाव के लिए गुरूग्राम की संध्या प्राईवेट कंपनी को काम सौंपा हुआ है। जिसके कर्मचारी अपनी मनमानी हरकतें करने पर उतारू हो गए है। सोमवार को लोहिया कॉलेज के पीछे काम करने के दौरान न तो कंपनी के कर्मचारी सुरक्षा गाईड लाइन का पालन कर रहे हैं और न ही समय पर उपभोक्ताओ की समस्या का समाधान कर पा रहे है। आमजन से मिली जानकारी के अनुसार शहर में भी विभिन्न स्थानों पर कंपनी के कर्मचारी बिना सुरक्षा के मापदंडो को ध्यान में रखकर बिजली का काम कर रहे है। लोहिया कॉलेज के समीप स्थित ट्रांसफार्मर में काम करने के दौरान कंपनी का कर्मचारी से जब जागरूक नागरिक ने सुरक्षा मापदंडो को ध्यान में रखने के लिए कहा तो कर्मचारी ने कहा कि हमारी मर्जी होंगी वैसे काम करेगे। हालांकि यहां यह सोचने का विषय हैं कि अगर इस दौरान किसी प्रकार का हादसा होंगा तो उसका जिम्मेदार कौन होंगा। लोगों ने बताया कि अगर किसी भी प्रकार का हादसा हो जाता हैं तो लोग सरकार के पीछे पड़ जाती हैं जबकि यहां पर कर्मचारी कहने के बावजूद भी सुरक्षा मापदंडो का ध्यान में रख रहे रहें। वहीं आमजन संध्या प्राईवेट कंपनी की सेवाओं से संतुष्ट नहीं दिखाई दे रही है।

वहीं दूसरी ओर प्रचंड गर्मी पड़ने से जहां शहर की जनता परेशान हैं। वहीं पर विभाग द्वारा संध्या प्राइवेर्ट कंपनी के कर्मचारियों के कछुआ चाल से काम करने के कारण आम जनता को 12 घंटे तक बिजली के बिना समय बिताना पड़ रहा है। जानकारों ने बताया कि कंपनी के कर्मचारी काम पूरा न कर आधा अधूरा काम करने पर विश्वास करते हैं। इस कारण से बार.बार शहर में बिजली की समस्या बनी हुई हैं। इसी के साथ सरकारी मापदंडो की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

जहां एक ओर किसी भी प्रकार का हादसा होने पर लोग सरकारी तंत्र को कोसना शुरू कर देते है। वहीं चर्चा हैं कि कर्मचारी खुद लापरवाह होकर काम कर रहे हैं तो हादसा होने पर जिम्मेदारी किसकी होंगी। इस संबंध में लोगों ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा सरकारी अधिकारियों के आदेशों की भी पालना भी नहीं दिख रही है। वहीं दूसरी और कर्मचारियों के रवैये के कारण कंपनी की साख भी दाव पर लग रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

सीकर, (निसं)। जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने आमजन की समस्याओं को सुना व उनका निस्तारण भी करवाया। सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक की गई जनसुनवाई में आमजन ने अपनी समस्याओं के बारे में नेताओं को अवगत कराया। जनसुनवाई में समस्याएं जानने के बाद अधिकारियों को मौके पर ही उन समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष डॉ. सिखवाल व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद ने समस्याओं के निस्तारण करने की अनुशंषा संबंधित अधिकारियों को की। इन समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण कर उन्हें अवगत करवाए। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि जनसुनवाई में आए आमजन ने भाजपा के ऐसे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के बारे में जानने का प्रयास करते हुए इनका निराकरण भी पार्टी की ओर से किया गया है।

सुंडा को मिली जिम्मेदारी

झुंझुनूं। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा द्वारा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए समन्वय समिति का गठन किया। जिसमें झुंझुनूं विधानसभा में चुनाव के लिए झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र ओला को झुंझुनूं चुनाव की जिम्मेदारी दी।

नाम परिवर्तन

मैं राजेश कुमार पुत्र श्री किशना राम आर्मी नं. 3195846F रैंक हवलदार निवासी खारिया पोस्ट कालानाताल तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) का हूँ, जो शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम DEVENDER दर्ज हो गया, जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में सही व सत्य नाम DEVENDRA है। अब मैं मेरे पुत्र का नाम अपने सर्विस रिकॉर्ड में सही करवाकर DEVENDER के स्थान पर DEVENDRA करवाना चाहता हूँ, जो किया जावे।

शपथग्रहिता-राजेश कुमार

नाम व जन्मतिथि परिवर्तन

मैं राजेश कुमार पुत्र श्री किशना राम आर्मी नं. 3195846F रैंक हवलदार निवासी खारिया पोस्ट कालानाताल तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) का हूँ, जो शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी माता नाम BALI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज हो गया, जो गलत है। जबकि मेरी माता के आधार कार्ड व पैन कार्ड में सही व सत्य नाम BALI व जन्मतिथि 02.01.1953 है। अब मैं मेरी माता का नाम अपने सर्विस रिकॉर्ड में सही करवाकर BALI DEVI के स्थान पर BALI तथा जन्मतिथि 01.07.1962 के स्थान पर जन्मतिथि 02.01.1953 करवाना चाहता हूँ, जो किया जावे। शपथग्रहिता-राजेश कुमार

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

माननीय जिला न्यायाधीश महोदय, स्थान चूरू (राज.)

अशोक कुमार विरुद्ध सर्वसाधारण आदि वाद/प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु

प्रार्थना-पत्र संख्या - 13सन् 2024

नाम सर्वसाधारण पुत्र...जाति...पता...

उक्त याचि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि क्यों न याचि की याचिका स्वीकार कर ली जावे।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03 माह 07 सन् 2024 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।

यह आज दिनांक 12 माह 06 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुन्सरीम जिला एवं सैंशन न्यायालय, चूरू

'झुंझुनूं की मिट्टी माथे पर लगाने मात्र से भी वीरता का भाव पैदा होता है'

झुंझुनूं, (निसं)। आगामी 27 जून को झुंझुनूं में होने वाली मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा की पूर्व तैयारियों को लेकर झुंझुनूं प्रवास पर आए सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार एव ज़िले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने पीरू सिह सर्किल स्थित एक निजी रेस्टोरेंट सभागार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख कार्यकर्ता बैठक में

- **झुंझुनूं ज़िले में 800 से भी ज़्यादा वीर शहीद हुए है जो दूसरे किसी राज्य से भी अधिक है**

कमलकांत शर्मा की अगुवाई में भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने किया प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का स्वागत

बोलते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि शेखावटी की धारती सैनिकों व वीरो की धरा है। यहाँ स्वतंत्रता के बाद से आज तक 800 से भी अधिक वीर सैनिक शहीद हुए है जिन्होंने माँ भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया जो संख्या दूसरे किन्ही राज्यों से भी अधिक है। यहाँ की मिट्टी बलिदानी है जिसे माथे पर लगाने मात्र से ही वीरता का भाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि जिले में पेंशन समाज के दी लाख बहत्तर हज़ार एक सौ उन्नीस लाभार्थी है जिन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उस पेंशन को एक हज़ार से 15 प्रतिशत बढ़ाकर 1150 रुपये किया है। उन्होंने आगामी 27 जून को शहर के केशव आदर्श विद्या मंदिर खेल प्रांगण में होने वाली मुख्यमंत्री की सभा के लिए झुझुनूँ ज़िले की सातों विधानसभा के प्रत्याशियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार लगातार सभी वर्गों के हित में जनहितार्थ कार्य कर रही है। अपराधों पर अंकुश लगा है। पेपर माफिया, साईबर ठगी सहित सभी अपराधियों पर लगाम कसने का कार्य हुआ है। महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री की सभा के लिए कार्यकर्ताओं के विचार भी लिए। इनके अलावा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, ज़िला संगठन प्रभारी केडी बाबर, विधायक विक्रम जाखल, धर्मपाल गुर्जर, ज़िला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सुभाष पुनिया, पूर्व ज़िलाध्यक्ष पवन मावंडिया, जगदीश खाजपुरिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पुनिया, विधानसभा प्रत्याशी निशित बबलू चौधरी, राजेश दहिया ने भी अपने विचार रखे। ज़िला महामंत्री सरजीत चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया जबकि धन्यवाद ज़िला महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने दिया। इस मौक़े पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास शर्मा लोटिया, उपज़िलाप्रमुख सतवीर गुर्जर, ज़िला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, राकेश शर्मा, मदन सैनी, रमनिरंजन पुरोहित,सुनील लांबा, शेर सिह निर्बान, ज़िला मंत्री मंजु सैनी, सुनीता स्वामी, महावीर ढाका,कुबेर सिह, भवानी शंकर शर्मा, बगड़ चेयरमैन गोविंद सिह राठौड़,किसान मोर्चा ज़िलाध्यक्ष रतन सिह तंवर, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष सरोज स्योरन आदि मौजूद रहे।

नीट घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा के नेतृत्व में सोमवार को नीमकाथाना यूथ कांग्रेस के सैकड़ों युवाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर नीमकाथाना जिला कलेक्टर को नीट परीक्षा दुबारा कराने के साथ ही नीट घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की ।नीट परीक्षा में धांधली को लेकर आए दिन खुलासे हो रहे हैं, तथा गिरफ्तार अभियार्थी एक दिन पहले ही पेपर आउट होने की बात स्वीकार कर रहे है।

एडवोकेट अनिल काजला ने कहा देशभर में एनटीए की ओर से पांच मई 2024 को नीट की परीक्षा आयोजित की गई थी तथा नीट का परिणाम 14 जून को जारी किया जाना था, लेकिन लोकसभा चुनावों की मतगणना के दिन चार जून को ही जारी कर दिया गया। इन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली हुई है ,नीट परीक्षा में धांधली होने से मजदूर, गरीब, किसान के बच्चो पर गहरा प्रभाव पड़ा है ।यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मीणा ने कहा कि नीट परीक्षा में अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बड़े स्तर पर धांधली हुई है। सरकार को इस पर गहनता से विचार विमर्श करना चाहिए ओर सख्त नियम बनाने चहिए ताकि आगे से कोई भी पेपर लीक ना हो। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस प्रवक्ता श्रीराम गुर्जर,यूथ कांग्रेस जिला महासचिव एड. अनिल काजला, पुष्पेंद्र मीणा, विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र दिवाच, कमलेश लाका, राजेश बाजिया, सुनील डांडिया, देवेन्द्र बिजारणिया आदि सैकड़ों युवा उपस्तिथ रहे।

'नए सत्र में नए जोश व जूनून से करें काम'

शिक्षा विभाग के मंडावा ब्लॉक की मासिक निष्पादन समिति की बैठक तहसील सभागार में आयोजित की गई।

झुंझुन, (निसं)। शिक्षा विभाग के मंडावा ब्लॉक की मासिक निष्पादन समिति की बैठक सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित की गई। समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयदीप झाझड़िया ने एजेंडा के प्रत्येक बिंदू पर विस्तृत समीक्षा करते हुए नए सत्र के लिए पूरे जोश और जुनून से जुड़ जाने के निर्देश दिए।

ब्लॉक के सभी प्रधानाचार्यों की उपस्थिति में गत सत्र के बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई तथा सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले संस्था प्रधानों का सम्मान भी किया गया। जिला प्रतिनिधि के रूप में एडीपीसी कार्यालय से एपीसी कमलेश तेतरवाल मीटिंग में उपस्थित रहे। उन्होंने यू डाइस के कार्य को लगभग पूरा करने के लिए सभी सीबीईओ ऑफिस व पीईओ को धन्यवाद देते हुए शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए तथा उसके बारे में आवश्यक तकनीकी जानकारी दी। इसके अलावा भामाशाहों से जन सहयोग, पौधारोपण व प्रवेश उत्सव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। सीबीईओ झाझड़िया ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले संस्था प्रधानों को बधाई दी। लेकिन उन पीईओ को भी सावधान किया। जिनके यहां विद्यालयों में बहुत कम नामांकन है। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर ऐसे विद्यालयों के